# क्या होती है गैस ?

जेनिफर बूथ्रॉयड

first step nonfiction





सभी चीज़ें किसी न किसी **पदार्थ** से बनी होती हैं.




कोई भी वस्तु जो जगह घेरती है, पदार्थ कहलाती है.










पदार्थ तीन प्रकार के होते हैं.



**गैस** भी एक तरह का पदार्थ है.



हवा एक गैस है. कुछ गैसें आसानी से दिखाई नहीं देती हैं.



**भाप** गर्म गैस है. कुछ गैसों को हम महसूस कर सकते हैं.



तुम्हारी सांस भी एक तरह की गैस है. गैस का अपना कोई आकार नहीं होता.



गैस को किसी बर्तन में रखा जा सकता है.



गैस घूम–घूमकर पूरे बर्तन में भर जाती है.



यह बर्तन का आकार ग्रहण कर लेती है.



गुब्बारों में भरी हुई गैस कई तरह के आकार ग्रहण कर सकती है.



गैस को ठंडा करने से इसका रूप बदल सकता है.



गैस को ठंडा करने पर यह **द्रव** में बदल जाती है.




भाप ठंडी होने पर पानी में बदल जाती है.



बादल गैस के ठंडा हो जाने से बनते हैं.



अपने चारों ओर देखो. गैसें कहां-कहां हो सकती हैं


प्रकाश संश्लेषण
ऑक्सीजन
ऑक्सीजन
चक्र
श्वसन
कार्बन
डॉइऑक्साइड

# ऑक्सीजन चक्र

**प्रकाश संश्लेषण–** पौधे सूर्य के प्रकाश, पानी और कार्बन डाइऑक्साइड नाम की एक गैस की मदद से अपना भोजन खुद बनाते हैं. पौधों के भोजन बनाने की इस क्रिया में ऑक्सीजन नाम की एक गैस निकलती है, जो हवा में मिल जाती है.

**श्वसन–** लोगों और जानवरों को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन चाहिए. जब लोग सांस लेते हैं तो वे हवा से ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं. जब वे सांस छोड़ते हैं, वे कार्बन डाईऑक्साइड हवा में छोड़ते हैं.

# मजेदार तथ्य



लोगों और जानवरों को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है. जिस हवा में हम सांस लेते हैं, उसमें कुछ मात्रा ऑक्सीजन की होती है. लेकिन इस हवा में अन्य गैसें भी होती हैं. हवा में सबसे बड़ा हिस्सा नाइट्रोजन गैस का होता है.



कार्बन डाईऑक्साइड गैस के कारण सोडा या कोल्ड ड्रिंक की बोतल में बुलबुले दिखाई देते हैं.



हीलियम गैस हवा से हल्की होती है. इसलिए हीलियम भरे गुब्बारे हवा में तैरने लगते हैं.



प्राकृतिक गैस जमीन के भीतर पाई जाती है. लोग प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल खाना बनाने, घर गर्म रखने और अपने कपड़े सुखाने के लिए करते हैं.



निऑन साइनबोर्ड में कांच की नलियों में नियॉन गैस भरी रहती है. इन नलियों में बिजली दौड़ती है जिससे यह गैस चमकने लगती है.



कारों और ट्रकों में ईंधन के रूप में भरी जाने वाली गैस वास्तव में द्रव होती है, जिसे 'गैसोलीन' या संक्षेप में गैस कह दिया जाता है.

# शब्दकोष



**गैस–** ऐसा पदार्थ जो द्रव नहीं है मगर बर्तन का आकार ग्रहण कर लेता है.



**द्रव–** ऐसा पदार्थ जो बह सकता है.



**पदार्थ–** ऐसी कोई भी चीज़ जो जगह घेरती है.



**भाप–** पानी जब गैस में बदल जाता है.